तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, चिर्रा से श्यांग तक बनेगी 12 किमी. सड़क




## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वधान एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को आयोजित होगी। लोक अदालतें वैकल्पिक विवाद समाधान के लिए एक मंच है जिसका उद्देश्य विवादों को आपसी समझौते से निपटाना है, बिना लंबी प्रक्रिया के। लोक अदालत मे राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, धन वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा, ट्रैफिक चालान का निराकरण होगा, साथ ही ऐसे मामले जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुआ है प्री-लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण किया जायेगा जिसमें बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं संपत्ति कर बकाया, टेलीफोन बिल इत्यादि। जिला न्यायालय के अतिरिक्त राजस्व न्यायालय एवं तहसील न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

### पंच दिवसीय यज्ञ 17 से 21 सितंबर तक

**कोरबा।** भगवान स्वरूप देवरहा बाबा की स्मृति में यज्ञ करने हेतु श्रीराम मारुती धाम पीठाधीश्वर बालयोगी श्री श्री 1008 परम पूज्य जगदीश दास महाराज महामंडलेश्वर (मारुती बाबा काशी) का आगमन राजपूत क्षत्रिय समाज सभा भवन में हो गया है। ब्रह्मर्षि योगीराज देवराहा बाबा की स्मृति में 148 यज्ञ करने के बाद अब कोरबा में पंच दिवसीय यज्ञ 17 से 21 सितंबर तक हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ भंडारा हवन यज्ञ किया जाएगा

### झगरहा में कबाड़ व्यवसाय से बढ़ी परेशानियां, प्रशासन से लगायी गुहार

**कोरबा।** शहर के झगरहा क्षेत्र में अवैध कबाड़ व्यवसाय से लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र के एक युवक ने इसका विरोध करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर नगर निगम और पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की मांग की है। एक युवक ने अपने वीडियो में बताया कि उसके घर की बाउंड्री से लगे स्थान पर कबाड़ का ढेर लगा हुआ है। इसके चलते सांप और अन्य खतरनाक जीव अक्सर घर में घुस जाते हैं, जिससे परिवार लगातार दहशत में जी रहा है। साथ ही सड़क पर रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से अंधेरे में आवागमन भी जोखिमभरा हो गया है। युवक ने कहा कि कुछ दिनों पहले पुलिस ने कबाड़ व्यवसाय संचालित करने वालों को हिदायत दी थी और रास्ता साफ कराया गया था, लेकिन अब फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो गई है। अवैध कबाड़ का अंबार न केवल मार्ग अवरुद्ध कर रहा है बल्कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और पुलिस प्रशासन से अवैध कबाड़ व्यवसाय पर रोक लगाने तथा क्षेत्र की साफ-सफाई और लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### सेजस गोपालपुर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वर्ष (रजत जयंती वर्ष) पूर्ण होने के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार सेजस गोपालपुर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसी क्रम में विगत दिवस सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त प्राचार्य दिनेश कुमार भारद्वाज, सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती निर्मला पटेल, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्रीमती सिसिलिया लकड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्या डॉ श्रीमती सीमा भारद्वाज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य द्वारा कहा गया कि शिक्षक के रूप में शासन के द्वारा एक बहुत महत्वपूर्ण जवाबदेही हम सबको दिया गया है, जिसका निर्वहन हम सभी को सच्ची लगन से करना चाहिए।

# एक पाली में लगने वाले सरकारी स्कूल की कक्षाएं शनिवार को सुबह लगेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय स्कूलों के संचालन के समय में एक बार फिर बदलाव किया है। लोक शिक्षण संचालनालय के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए अब एक पाली में लगने वाले सभी शासकीय स्कूल की कक्षाएं शनिवार के दिन सुबह लगेंगी। इसके पूर्व शनिवार को साढ़े 10 से 4 बजे तक कक्षाएं लगा करती थी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने डीपीआई के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें उन्होंने शनिवार को स्कूलों की टाईमिंग चेंज करने की सिफारिश की थी। स्कूल शिक्षा विभाग के अंडर सिकरेट्री ने आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। अब एक पाली वाली स्कूलों में सुबह की क्लासेज लगेंगी। इससे शिक्षकों को भी राहत मिलेगी। उन्हें दिन भर अब स्कूलों में नहीं रहना पड़ेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है। ज्ञातव्य है, स्कूल शिक्षा मंत्री ने पहली ही बैठक में अधिकारियों से बच्चों का रिजल्ट सुधारने पर जोर देने कहा था। उन्होंने सुझाव दिया था कि जिन बच्चों का रिजल्ट पुअर आ रहा, उस केस में ध्यान रखा जाए कि किस सब्जेक्ट में वह पिछड़ रहा है। जिन विषयों में उसके नंबर कम आ रहे, उन विषयों पर शिक्षक ज्यादा ध्यान दें। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा था कि बच्चों का पारफर्मेंस सुधारने हर महीने अनिवार्य तौर पर मंथली टेस्ट लिया जाए। इससे भी पता चलेगा कि किस विषय में विद्यार्थियों की स्थिति अच्छी नहीं है। फिर उसे चिन्हित कर उन विषयों पर फोकस किया जाए। शनिवार के बैगलेस डे को अब क्वालिटी की दृष्टि से प्रोडक्टिव बनाया जाएगा। बैगलेस डे को अब रिजल्ट से जोडा जाएगा। उन्होंने कहा कि रिमेडियल क्लासेज के साथ ही शनिवार को बच्चों को लायब्रेरी में बिठाया जाएगा। उन्हें एक किताब पढ़ने के लिए दिया जाएगा और फिर मूल्यांकन किया जाएगा कि किताब की स्टडी के बाद उनका प्रदर्शन कैसा है। जिन स्कूलों में कंप्यूटर लैब है, वहां बच्चों को शनिवार को कंप्यूटर के बारे में अपडेट किया जाएगा, ताकि आईटी के इस युग में बच्चों को स्कूलों से ही कंप्यूटर की बेसिक जानकारी मिल जाए।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूल के समय में किया बदलाव**

**खास बात**

- दो पाली में लगने वाली प्राइमरी व मीडिल की कक्षाएं 12 से 4 बजे तक एवं हाई तथा हायर सेकेण्डरी 7.30 से 11.30 तक होंगी संचालित



## खरीदी के दौरान समितियों का निरीक्षण कर की जाएगी रैंकिंग

# धान खरीदी करने वाली सहकारी समितियों को भी मिलेगा तमगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस वर्ष धान खरीदी के लिए राज्य शासन ने नई गाइडलाइन जारी किए गए हैं। अब समितियों की भी रैंकिंग भी तय होगी जो खरीदी की व्यवस्था से लेकर ऋण वसूली, धान उठाव और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं पर फोकस रहेगा। रैंकिंग में बेहतर स्थान पाने वाली समितियों को पुरुस्कार से नवाजा जाएगा। ऐसा पहली बार हो रहा है जब सहकारी समितियों की भी उनके बेहतर संचालन को लेकर रैंकिंग की जा रही है।

आमतौर पर धान खरीदी में गड़बड़ियों को लेकर चर्चा में रहने वाली सहकारी समितियों का लगातार कार्यवाही होती रहती है। कहीं प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर तो कहीं धान उठाव में गड़बड़ झाला, ऐसे मामला सामने आने के बाद अब राज्य सरकार ने सहकारी समितियों की रैंकिंग करने का निर्णय लिया है। जिसमें यह देखा जाएगा कि किस समितियों में धान खरीदी सीजन के दौरान राज्य सरकार के दिशा निर्देशों को किस स्तर तक अमलीजामा पहनाया जा रहा है। खरीदे गए धान की सुरक्षा किस स्तर की है, धान बेचने आने वाले किसानों को किस तरह की सुविधा समितियों में मुहैया कराई जा रही है। धान खरीदी के लिए पंजीयन की आवश्यकता किन किन समितियों के द्वारा प्रचार प्रसार किया गया है। कितने किसानों का पंजीयन हुआ साथ ही केसीसी के तहत वितरीत किये गये कृषि ऋण की वसूली कितने प्रतिशत हुई है। ऐसे तमाम बिंदुओं पर फोकस करते हुए समितियों की रैंकिंग तय की जाएगी। इसके लिए समितियों को निर्देश भी जारी किये गये हैं। 1 नवंबर से धान खरीदी शुरु होगी इस तरह महज डेढ़ माह बाकी है।

**लोन वसूली से लेकर खरीदी और उठाव पर रहेगा फोकस**



**55 उपार्जन केंद्रों से होती है खरीदी**

41 सहकारी समितियों सहित 14 उपार्जन केंद्र जिले में हैं। जिनके माध्यम से धान की खरीदी होती है। बीते वर्ष 49 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। इस वर्ष यह संख्या और भी बढ़ेगी। जिसके लिए कृषि विभाग किसानों के पंजीयन के लिए लगातार मैदानी स्तर पर काम कर रहा है। कृषि विभाग के रिकार्ड के अनुसार जिले में 1 लाख से अधिक किसान हैं जिनके द्वारा धान की खेती के साथ सब्जीबाड़ी की खेती की जाती है।

**एग्रोटेक में पंजीयन किया गया अनिवार्य**

राज्य शासन के एग्रोटेक पोर्टल में किसानों को पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। धान बेचने के लिए एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराना होगा। जिन किसानों का एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होगा उनका मंडियों में धान नहीं खरीदा जाएगा। एग्रोटेक में पंजीयन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा किसानों के पंजीयन को लेकर निर्देश जारी किए हैं। तकनीकी खराबी के कारण दो दिन तक एग्रोटेक पोर्टल बंद होने के कारण पंजीयन का कार्य बंद पड़ा हुआ था। अब पुनः पंजीयन की शुरुआत हुई है।

# नदी किनारे प्लास्टिक थैले में नवजात की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोकटपारा मोहल्ले से लगे हसदेव नदी के किनारे पुल के नीचे एक नवजात कन्या शिशु का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह यहां बच्चों ने किनारे पर एक गठरी पड़ी हुई देखी और इसमें कुछ होगा ऐसा सोचकर जब गठरी को खोला तो प्लास्टिक की गठरी खोलते ही भीतर चादर में लिपटा हुआ शिशु नजर आया जो संभवतः अभी 9 माह की उम्र भी अज्ञात मां के गर्भ में पूरी नहीं कर सका था। समय से पहले उसका प्रसव कराया गया है, उसकी नाल में कटर मशीन भी फंसा हुआ है तथा पास में एपी डायग्नोस्टिक सेंटर कटघोरा का थैला भी मिला है। जिस तरह से नवजात का शव मिला है उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी ने अपनी करतूत को छुपाया है या फिर समय से पूर्व प्रसव कराकर शव को ठिकाने लगाया गया है। मौके पर मिले एपी डायग्नोस्टिक के थैले ने इस मामले को और भी संदेहास्पद बना दिया है कि क्या इसके तार इस केंद्र से जुड़े हुए हैं या फिर कुछ और बात है? संदेह है कि सोनोग्राफी जांच से गर्भ में कन्या शिशु होने का पता चलने के बाद इस भ्रूण हत्या को अंजाम दिया गया हो या अवैध संबंध की परिणिति को छिपाने का कृत्य है? बहरहाल स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंच गईं है। जांच पड़ताल के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा। इस घटना को लेकर फोकटपारा, इंदिरा नगर मोहल्ले में सनसनी व्याप्त है।



नवजात का शव।

# चोटिया परियोजना के आंगनबाड़ी में 76 पदों पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता मामले में प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोंड़ी उपरोड़ा अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के चोटिया परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका भर्ती घोटाला के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ)श्रीमती रेणु प्रकाश ने 3 सदस्यीय जिला स्तरीय जांच समिति गठित कर 3 दिवस के भीतर प्रकरण में जांच प्रतिवेदन मांगा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा अंतर्गत एकीकृत बाल परियोजना चोटिया में प्रभारी परियोजना अधिकारी के रूप में मनोज अग्रवाल सेवारत हैं। 2 वर्ष पूर्व चोटिया परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के स्वीकृत 76 पद के लिए विभाग ने भर्ती विज्ञापन जारी किया था। 2 साल बीतने के बाद भी प्रभारी परियोजना अधिकारी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं करा पाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कई बार नोटिस भी भेजा, लेकिन तभी त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा में नई बॉडी का गठन हो गया। नई बॉडी बनने के बाद पहली सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। जनपद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी तंवर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूजा दुबे ने आंगनबाड़ी भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रभारी परियोजना अधिकारी मनोज अग्रवाल को तत्काल हटाकर गड़बड़ी की जांच कराने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. पवन सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी तंवर ने मामले को गंभीर बताया और मनोज अग्रवाल के खिलाफ जांच की बात कही गई।

**खास बात**

- डीपीओ ने 3 सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर मांगा प्रतिवेदन

**जांच के लिए टीम गठित**

जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्यों ने प्रकरण में कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपे थे और 11 बिंदुओं में जांच की मांग रखी थी। कलेक्टर के निर्देश पर 3 सदस्यीय जांच टीम का गठन कर 3 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर आगामी कार्यवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर को सौंपेगें।

- रेणु प्रकाश डीपीओ,मबावि

# पुलिस की सख्ती से बदमाशों में दहशत एक क्विंटल से अधिक धारदार कड़े जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जरा-जरा सी बात पर मारपीट करने और कई तरह की आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के लिए इन दिनों एक नया हथियार युवाओं के बीच प्रचलन में आ गया है। हाथ में पहना जाने वाला भारी-भरकम और धारदार कड़ा। जहां पहले तक यह कड़ा धार्मिक मान्यता, ज्योतिषीय सलाह या शौक के तौर पर साधारण चांदी, तांबे अथवा स्टील का पहना जाता था, वहीं अब इसका स्वरूप खतरनाक रूप लेने लगा है। मोटे, धारदार और नुकीले डिजाइन वाले ये कड़े मारपीट की घटनाओं में हथियार के रूप में इस्तेमाल हो रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक जिले में दर्ज हो रहे अधिकांश मारपीट के अपराधों में लाठी, डंडे और अन्य हथियारों के साथ-साथ कड़ा से वार करने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। खासतौर पर सिर पर किए गए वार से गंभीर चोटें पहुंच रही हैं। बीते दिनों गणेश विसर्जन के मौके पर कटघोरा नगर में हजारों की भीड़ जुटी थी। इस दौरान कुछ जगहों पर उपद्रवी युवकों के बीच झड़प हुई। इसी दौरान कुछ युवाओं द्वारा हाथ में पहने गए कड़े से हमला करने की शिकायत थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी तक पहुंची। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस बल को निर्देशित करते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कराई। नगर में घूम रहे युवकों के हाथों से भारी-भरकम कड़े निकलवाए गए। इस दौरान पुलिस ने ऐसे-ऐसे कड़े जब्त किए, जिन्हें देखकर लोगों के होश उड़ गए। कई कड़ों का वजन 250 ग्राम से 500 ग्राम तक पाया गया। कुछ कड़े नुकीले व धारदार डिजाइन वाले थे। महज डेढ़ घंटे की कार्रवाई में लगभग एक क्विंटल कड़े जप्त किए गए।



कार्रवाई करती पुलिस।



जप्त कड़े।

## प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रचार प्रसार में जुटे हैं वकील

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव की उल्टी गिनती शुरु, जिले से 11 प्रत्याशी हैं मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश में स्टेट बार काउंसिल के चुनाव को लेकर जैसे-जैसे मतदान की तारीख पास आती जा रही है प्रत्याशियों द्वारा अपने-अपने स्तर पर चुनाव प्रचार तेज कर दिया गया है। इस बार कोरबा जिले से कुल 11 अधिवक्ता स्टेट बार काउंसिल के मेंबर के लिए अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सभी प्रत्याशी जोर-शोर से तैयारी में जुटे हैं और प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर अधिवक्ताओं के बीच अपना प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि स्टेट बार काउंसिल के लिए 30 सितंबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। इस चुनाव के लिए जिले के 11 अधिवक्ता चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से अशोक तिवारी, रविंद्र पाराशर, बीके शुक्ला, मानसिंह यादव, निखिल शर्मा, सुरेश शर्मा, डीपी महिलांगे, अब्दुल रहमान, राजेश कुर्रे कटघोरा से शिव शंकर भारती और पाली से शशिकांत सोनकर मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं और अधिकताओं के बीच पहुंचकर अपनी बात रख रहे हैं और अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं। अब चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है बचे शेष दिनों में सभी प्रत्याशी जोर-जोर से तैयारी में लगे हुए हैं और किसी तरह अपने पक्ष में माहौल तैयार कर रहे हैं।

**प्रदेश से 23 हजार 313 अधिवक्ता करेंगे मतदान**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में इस बार प्रदेश के विभिन्न जिलों के कुल 23 हजार 313 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रदेश भर से कुल 105 प्रत्याशी स्टेट बार काउंसिल के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। कोरबा जिले में इस बार 11 प्रत्याशी स्टेट बार काउंसिल के मेंबरशिप के लिए मैदान में है जिसमें कोरबा जिले के 1057 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बताया जाता है कि पहली बार 11 प्रत्याशी मैदान में है जिसके चलते रस्साकसी तेज हो गई है और अधिवक्ता अपने-अपने स्तर पर जोर-शोर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

### राज्य व्यवसायिक परीक्षा की मुख्य परीक्षा के फार्म 19 तक होंगे जमा

**कोरबा।** शासकीय आईटीआई करतला के इंजीनियरिंग एवं नान इंजिनियरिंग व्यवसायों के राज्य व्यवसायिक परीक्षा एवं स्कूल आईटीआई के संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12वी के विद्यार्थीयों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा 25 सितंबर से प्रारंभ होकर 6 अक्टूबर तक सम्पन्न होगी। आयोजित परीक्षा में संस्था से सत्र 2024-25 एकवर्षीय व्यवसाय नियमित, सत्र 2023-25 द्विवर्षीय नियमित सत्र 2024-26 द्विवर्षीय नियमित, एवं सत्र 2023-25 संचालित एससीव्हीटी स्कूल आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी तथा सभी भूतपुर्व प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगे। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने प्रशिक्षणार्थी परीक्षा फार्म 15 से 19 सितंबर तक कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी कर्मियों का प्रदर्शन, 19 को सामूहिक अवकाश पर रहेंगी

**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी लम्बित मांगों के समर्थन में 19 सितम्बर को सामूहिक अवकाश लेकर प्रान्तीय स्तर पर प्रदर्शन में शामिल होंगी। 8 सूत्रीय मांगों से संबधित ज्ञापन और आग्रह पत्र समय-समय पर संघ द्वारा शासन-प्रशासन को प्रेषित किया गया है लेकिन यह अत्यन्त खेद का विषय है कि इस संबंध में शासन-प्रशासन द्वारा न तो संघ के प्रतिनिधियों के साथ कोई सार्थक की गई है और न ही मांगों की पूर्ति। जिसके कारण प्रदेश के 1 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं में काफी आक्रोस व्याप्त है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ की जिलाध्यक्ष बीना साहू और सचिव सुचित्रा मानिकपुरी ने बताया कि प्रान्तीय निकाय द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णयानुसार संघर्ष के द्वितीय चरण में 19 सितम्बर को सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद रखेगे और रायपुर तूता में आयोजित धरना, रैली, प्रदर्शन में भाग लेंगी।

### आधारकार्ड अपडेशन हेतु जोन कार्यालयों में 12 से 18 सितम्बर तक शिविर

**कोरबा।** आयुष्मान वयवंदन योजना के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में निवासरत 70 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे वरिष्ठ नागरिकों जिनके कार्ड नहीं बने हैं, उनका आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक, अपडेशन कार्य के लिए निगम के सभी जोन कार्यालयों में 12 से 18 सितम्बर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर शिविर आयोजन के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हैं। इस हेतु नगर निगम के समस्त वार्डो के लिए दलों का गठन कर दिया गया है तथा दलों में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए शेष बचे सभी हितग्राहियों का आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक अपडेशन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी एआईसीसी महासचिव सुश्री जरिता लैतफ्लांग के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अध्यक्षता में 13 सितम्बर को दोपहर 3 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित है की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ, ब्लॉक, मंडल, वार्ड कांग्रेस कमेटी सहित पार्षद, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है।

## निधन

### कृष्णचंद देवांगन



**उमरेली।** उमरेली निवासी गुलाबचंद देवांगन के छोटे भाई स्व. कृष्णचंद देवांगन का निधन हो गया। वे अपने पत्नी, पुत्र, पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम उमरेली में किया गया। इस दौरान परिजन सहित ग्रामवासी गणमान्य उपस्थित रहे।

### डीएमएफ से स्वीकृत हुई 9 करोड़ 35 लाख की राशि

# वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, चिर्रा से श्यांग तक बनेगी 12 किमी. सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चिर्रा श्यांग सड़क जिसका होगा निर्माण।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र चिर्रा से श्यांग तक की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। हाथी प्रभावित होने के साथ ही मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर इस सड़क की स्थिति विगत एक दशक से अधिक समय से जर्जर है। सड़क जर्जर होने की वजह से इस क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को आवागमन में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय इस मार्ग में कीचड़ और गर्मी के समय में धूल का गुबार उठने से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। वर्षों से इस मार्ग को बनाने की मांग ग्रामीण करते आ रहे हैं। लेकिन चिर्रा से श्यांग मार्ग में पक्की सड़क नहीं बन पाई थी। शहर से दूर चिर्रा और श्यांग क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को जिला खनिज संस्थान न्यास से बनाने का निर्णय लिया गया है। इस मार्ग के लिए 9 करोड़ 35 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बारिश की वजह से काम प्रारंभ नहीं किया गया था। अब बारिश के कम होते ही पीडब्ल्यूडी द्वारा सर्वे सहित अन्य प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया गया है।

जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से कोरबा जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र सहित दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में विकास की नींव रखी जा रही है। वनांचल क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन मुहैया कराने अति आवश्यक सड़कों का निर्माण करने की पहल की गई है। डीएमएफ की बैठक में अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा सदस्यों के बीच चिर्रा से श्यांग मार्ग हेतु डीएमएफ से राशि का प्रावधान रखा गया है। कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत चिर्रा से श्यांग की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। इस मार्ग से गुरमा एवं श्यांग होकर धरमजयगढ़ पहुंचा जा सकता है। मार्ग के बनने से इस क्षेत्र में मौजूद गांव सिमकेदा, विमलता, चिर्रा, गीतकंवारी, लबेद, तीतरडांड, गिरारी सहित इस क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। मार्ग की स्थिति जर्जर होने की वजह से शाम होते ही यहां आवागमन बंद सा हो जाता है। बारिश होने के साथ ही मार्ग में कीचड़ और वाहन फंसने से वाहन चालक परेशान होते हैं। डीएमएफ से सड़क निर्माण के लिए लगभग 9 करोड़ 35 लाख की राशि स्वीकृत किये जाने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी है। मार्ग से आवागमन कर रहे श्री परमेश्वर बंजारे, श्री बी एल पटेल, ग्रामीण रामकुमार, गणेश राम ने कहा कि वे इस मार्ग से कोरबा शहर की ओर जरूरी काम से जाते हैं। कई बार लौटने में विलंब हो जाता है। इस दौरान हाथी प्रभावित क्षेत्र होने तथा बारिश में मार्ग कीचड़ से लथपथ होने की वजह से डर बना रहता है। अब सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से खुशी है कि जल्दी ही हम लोगों को पक्की सड़क नसीब हो पायेगी और आवागमन आसान होगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री जी आर जांगड़े ने बताया कि यह स्टेट हाइवे है। आवागमन के लिहाज से इस मार्ग का बहुत महत्व है। डीएमएफ से राशि स्वीकृत हुई है। बरसात की वजह से काम प्रारंभ नहीं हुआ था। अब कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। जून 2026 तक कार्य पूरा करने की अवधि है, हालाँकि इससे पूर्व कार्य पूर्ण हो जाने की संभावना है।

## जेसीआई ने कराया उमंग दिव्यांग स्कूल में जुंबा, हेल्थ-कैंप व इंडोर खेल



कार्यक्रम में शामिल दिव्यांग बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने जेसी सप्ताह के तृतीय दिवस में दीन्गापुर स्थित उमंग दिव्यांग स्कूल में बच्चों को जुंबा, स्वास्थ-जांच शिविर व इंडोर खेल का आयोजन कराया। बता दें कि यह एक 50 सीट का आवासीय स्कूल जो कि श्रवण, वाणी, बौद्धिक या अन्य किसी भी शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए है। संस्था के सचिव सीए अंकित अग्रवाल ने बताया कि जेसीआई ने डॉ सरफ़राज़ खान, डॉ ज्योतिबाला, डॉ निलेश भट्ट, डॉ चंदा सेठिया सहित शहर के मशहूर चिकित्सकों की टीम की मदद से स्कूल के सभी बच्चों का स्वास्थ-जांच करवाया। साथ ही डॉ ज्योतिबाला द्वारा संचालित 'चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर' की टीम की मदद से सभी बच्चों को जुंबा डांस करवाया और अंत में कुर्सी-दौड़, लूडो, कैरम, आदि खेल खेलवाया। बच्चों द्वारा स्वेच्छा से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी चिकित्सकों ने यह घोषणा किया कि इस स्कूल के सभी बच्चों हेतु उनके क्लिनिक में स्वास्थ सेवाए भविष्य में निःशुल्क रहेगी। संस्था द्वारा सभी बच्चों को केक, बिस्कुट एवं पेंसिल-किट का वितरण किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि नगर निगम के सभापति नूतन सिंह राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड क्र. 5 के पार्षद तामेश अग्रवाल रहें। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ज्योतिबाला ने की। साथ ही जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष आनंद रैकवार, उत्कर्ष अग्रवाल, अध्यक्ष सीए अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष कपिल विश्वकर्मा, जेसी वीक समन्वयक हर्ष गुप्ता, जेसीरेट अध्यक्षा सीए आयुषी अग्रवाल, कार्यक्रम-निदेशक दीपक केवट, मोरध्वज गर्ग, अंश अग्रवाल, सन्नी कैवर्त, अभय अग्रवाल सहित उमंग स्कूल की पूरी टीम उपस्थित रहे।

## तैलिक विकास समिति ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विदाई सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि माताकर्मा के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित कर व आरती के साथ हुआ। प्रत्येक वर्ष वार्षिक स्नेह सम्मेलन में दिया जानें वाला लेखराम नोनीबाई साहू की स्मृति में प्रतिभा सम्मान कक्षा बारहवीं में इस वर्ष छाया साहू पिता सुरेंद्र साहू को स्मृतिचिन्ह, प्रमाणपत्र एवं 1 हजार रुपए नगद राशि समाज के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। वहीं समाज के सक्रिय सदस्य संजीव गंजीर का बालको से प्रस्थान करने पर सपरिवार को समाज द्वारा स्मृतिचिन्ह, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं उत्तरोत्तर विकास की मंगलकामना की गई। समाज के अध्यक्ष अमरदास साहू द्वारा सदन के आगामी विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अमरदास साहू, समाज के भामाशाह लेखराम साहू, महासचिव डिकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष-शशिकांत साहू, उपाध्यक्ष टिकेंद्र साहू, उपमहासचिव खोमलाल साहू, कलेशराम साहू, हिमानी साहू, पूजा साहू, कविता साहू, इंदु उपासना साहू, मनीषा साहू, वोसंत साहू, हीरानंद साहू, अर्चना साहू, प्रियंका साहू, गुंजन साहू , ज्योति साहू, नेहा साहू, शैलेन्द्र साहू, रोहित साहू, गरिमा साहू, सुरेंद्र साहू सानवी साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डिकेश्वर साहू ने किया एवं आभार प्रकट खोमलाल साहू द्वारा किया गया।

## छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने मनाया शिक्षक दिवस

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोरबा द्वारा 5 सितम्बर को ओपन थियेटर घंटाघर में शिक्षक दिवस मनाया गया। डा राधाकृष्णन के चित्र में माल्यार्पण के बाद वरिष्ठ शिक्षक गोपाल प्रसाद प्रजापति, डी आर सारथी, के आर टण्डन, जे पी श्रीवास्तव, आर के शर्मा, शंकर दयाल साव, आर के पाण्डेय, आर के वर्मा एवं केबीएल स्वर्णकार, एस के विश्वास को शाल श्रीफल पेन और पुष्पमाला से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि डा राधाकृष्णन एक शिक्षक, लेखक, राजनयिक, वक्ता एवं विद्वान थे। जिन्होनें विदेशों में भारतीय दर्शन ज्ञान एवं संस्कृति परचम लहराया, अपने जन्मदिवस को शिक्षकों को समर्पित किया। शिक्षकों आदिकाल से इश्वर एवं माता पिता का दर्जा प्राप्त है, ये विधार्थी को परिवार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए तराशते एवं निखारते है।

## अंताक्षरी में अंशुल व गणेश की जोड़ी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा





अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा के प्रांगण में आयोजित अंताक्षरी प्रतियोगिता को इस वर्ष और भी बेहतर करने के लिए बिलासपुर की आर्केस्ट्रा टीम को बुलाया गया। जिसकी निगरानी में भाग लिए सभी पार्टिसिपेट प्रतियोगियों को क्रमवार कार्यक्रम के लिए तैयार करवाया गया। इस प्रतियोगिता अग्रसेन, अग्रवाल, अग्रज व माधव कुल 4 टीमों में दो दो लोगों को शामिल किया गया था। चार चार जोड़ियों की तीनों राउंड से 3 विनर जोड़ी का सलेक्शन किया गया। जिसका पश्चात तीनों जोड़ियों का आपस मे फाइनल किया गया जिसमें की अंशुल मित्तल व गणेश अग्रवाल की जोड़ी विजेता बने इस प्रतियोगिता में कुल 11 जोड़ियों ने इस में भाग लिया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बिलासपुर से आये आर्केस्ट्रा टीम के होस्ट के साथ अग्रवाल सभा के सदस्य लक्ष्मी अग्रवाल ने शानदार होस्ट करते हुए आयोजन को कराया जिसमें भाग लिये सभी प्रतिभागियों ने सुंदर अंदाज में एक से बढ़कर एक सुरीली गीतों की झड़ियों से कार्यक्रम को चार चांद कर दिया इस आयोजन में उपस्थित सभी अग्रबन्धओं ने आयोजन में झूमते रहे आयोजक के द्वारा आये हुए दर्शक स्वरूप अग्रबन्धुओं के लिए बीच बीच मे प्रश्नोत्तरी किये गए जिसके जवाब देने पर मंच से उन्हें पुरस्कृत किया गया।

## टाईटन आईवेयर शोरूम में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




चश्मे का शोरूम चश्मा संसार अपने विश्व स्तरीय ब्रांड के चस्मों के लिए जाना जाता है यहां आपको सभी ब्रांडों के चश्मे उचित दाम और सभी आयु वर्गों के लिए आसानी से मिल जाएंगे, चश्मा संसार अपने ग्राहकों के लिए हमेशा से कुछ ना कुछ उनकी जरूरत को ध्यान में रखकर जन हितैषी कार्य करते रहा है। इसी कड़ी में अपनी फर्म टाईटन आईवेयर में जो की अशोका कॉम्पलेक्स पावर हाउस रोड ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित है। 13 सितंबर को समय सुबह 11 बजे से निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करने जा रहा है। जहां नेत्र विशेषज्ञ डॉ राम किशोर शांडिल्य एवं उनकी टीम द्वारा नेत्र जांच कर उचित सलाह और परामर्श दिया जाएगा। राम सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल का संचालन डॉ रामकिशोर निहारिका में करते हैं। विभिन्न आधुनिक मशीनों द्वारा आपके नेत्रों की जांच इस शिविर में किया जाएगा जो की पूर्णता निःशुल्क होगा। चश्मा संसार के संचालक जागेश्वर देवांगन ने बताया की इस निःशुल्क जांच शिविर का लाभ पूरे जिलेवासी उठा सकते हैं। अग्रिम पंजीयन हेतु नंबर 7441111443 पर कर सकते हैं।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर अजगरबहार को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए कोरबा विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र (एनक्यूएएस) प्राप्त हुआ है। भारत सरकार राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार में 11 एवं 12 अगस्त को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार के 6 विभागों में दी जा रही है।

**GURUKRIPA COLLEGE**
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 932953742

**शपथ पत्र**

मैं Sumeet Kumar Agrawal पुत्र Suresh Kumar Agrawal निवासी Plot No. 2 SPN Nagar Darri-Jamnipali Dist. Korba C.G. आधार संख्या 3522 0382 8307 शपथ पूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि

01. यह कि मेरा पुत्र / पुत्री Harshita Agrawal दिल्ली पब्लिक स्कूल एन.टी.पी.सी. टाउनशिप कोरबा (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10th का नियमित विद्यार्थी है।

02. यह कि विद्यालय में दाखिले के समय त्रुटिवश पिता/माता/ विद्यार्थी का नाम Sumit Agrawal दर्ज हो गया है।

03. यह कि पिता/ माता/ विद्यार्थी का वास्तविक नाम Sumeet Kumar Agrawal है।

04. यह कि त्रुटिपूर्ण नाम Sumit Agrawal एवं सही एवं वास्तविक नाम Sumeet Kumar Agrawal एक ही व्यक्ति है। 05. यह कि विद्यालय के सभी शैक्षणिक रिकार्ड में सही एवं वास्तविक नाम Sumeet Kumar Agrawal दर्ज किया जाए।

शपथकर्ता
Sumeet Kumar Agrawal

**शपथ पत्र**

मैं अमरनाथ सिंह उम्र लगभग 53 वर्ष पिता स्वर्गीय गिरधारी यादव वर्तमान निवासी क्वाटर नबंर जी/28 एस.ई.सी.एल. कॉलोनी पन्द्रहं ब्लाक कोरबा तहसील व जिला छ.ग.का हूं:- 1. यह कि मेरे नाम से बने आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं बैंक पास बुक आदि में मेरा नाम अमरनाथ सिंह दर्ज है, जो कि मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार से सत्य एवं सही है। 2. यह कि मेरे पिता श्री गिरधारी यादव का दिनांक 25/06/2025 को स्वर्गवास हो गया हैं। 3. यह कि मेरे पिता श्री गिरधारी यादव नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम कोरबा 02 टी.पी. नगर कोरबा में पालिसी नं. 383885927 है, जिसमें बतौर नामिनी के रुप में मेरा नाम अमरनाथ यादव दर्ज है, जो कि मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार से सत्य एवं सही है। 4. यह कि अमरनाथ सिंह एवं अमरनाथ यादव ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरा ही नाम है, इसमें किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है, यदि भविष्य में किसी भी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेंदार रहूंगा। 5. यह कि मैं सामान्यतः व्यवहारिक रुप में अमरनाथ यादव नाम का ही उपयोग करता हूं। 6 यह कि मैं यह शपथपत्र उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है, के प्रमाणस्वरुप भारतीय जीवन बीमा निगम कोरबा शाखा क्रमांक.02 टी.पी. नगर कोरबा में अमरनाथ सिंह एवं अमरनाथ यादव ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, अर्थात मेरा ही नाम है के संबंध में प्रस्तुत करने हेतु संपादित कर रहा हूं।

शपथकर्ता
अमरनाथ सिंह

**आम सूचना/शपथ पत्र**

आम आदमी को सूचित किया जाता है कि प.ह.नं. 03 में स्थित भूमि खसरा नंबर 686/1 एवं 325/2, रकबा क्रमशः 1.6140 हे., 0.1410 हे. मेरी स्व.दादी बेनीबाई अग्रवाल के नाम पर दर्ज थी।

वर्तमान में क्रमशः राहुल अग्रवाल एवं रितेश अग्रवाल के नाम पर ऑनलाईन दिखा रहा है। चूंकि संबंधित भूमियां संयुक्त परिवार की संपत्ति है और मैं स्वयं उनके सगे पोते के रूप में दोनों भूमियों में आधे-आधे का हकदार हूं।

अतः सर्वमान्य को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित करना चाहता हूं कि कोई भी व्यक्ति संबंधित भूमियों के संबंध में संबंधित व्यक्तियों से किसी प्रकार का लेनदेन या संव्यवहार न करें। इस प्रकार का लेनदेन अवैध माना जाएगा और ऐसे या ऐसी व्यक्ति स्वयं जवाबदार होंगे।

शपथकर्ता
शुभम अग्रवाल
पिता स्व. गोपाल अग्रवाल
निवासी-पसान,
जिला-कोरबा (छ.ग.)
मो.-8878632025

**शपथ पत्र**

मैं अजय कुमार राठौर उम्र लगभग 46 वर्ष पिता-दुलीचंद राठौर निवासी मकान न. ए. एस. 48 पॉवर सिटी कटघोरा अयोध्यापुरी दर्री जमनीपाली तहसील दर्री जिला-कोरबा (छ.ग.) का निवासी होकर निम्न आशय का कथन शपथपूर्वक करता हूँ:- 1. यह कि, उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ, एवं मेरा आधार कार्ड क्रमांक-5716 8291 8406 है। 2. यह कि, मेरे पुत्र धनराज राठौर डी.पी.एस.एन.टी.पी.सी. जमनीपाली कोरबा में कक्षा 10वीं का नियमित छात्र है। 3. यह कि मेरे पुत्र की शाला अभिलेख में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश रजनी राठौर (RAJNI RATHORE) दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पत्नी का वास्वविक एवं सही नाम रजनी राठौर (RAJANI RATHORE) है एवं मेरी पत्नी के आधार कार्ड मे उक्त नाम दर्ज है। 4. यह कि, मेरे पुत्र के शाला अभिलेखों में मेरी पत्नी का सही नाम रजनी राठौर (RAJANI RATHORE) दर्ज कर सुधार किया जावे ।

5. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा नाम सुधार के संबंध में संबंधित विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
अजय कुमार राठौर

**शपथ पत्र**

मैं Sumeet Kumar Agrawal पुत्र Suresh Kumar Agrawal निवासी Plot No. 2 SPN Nagar Darri-Jamnipali Dist. Korba C.G. आधार संख्या 3522 0382 8307 शपथ पूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि

01. यह कि मेरा पुत्र / पुत्री Dhruv Agrawal दिल्ली पब्लिक स्कूल एन.टी.पी.सी. टाउनशिप कोरबा (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 7th का नियमित विद्यार्थी है।

02. यह कि विद्यालय में दाखिले के समय त्रुटिवश पिता/माता/ विद्यार्थी का नाम Sumit Agrawal दर्ज हो गया है।

03. यह कि पिता/ माता/ विद्यार्थी का वास्तविक नाम Sumeet Kumar Agrawal है। 04. यह कि त्रुटिपूर्ण नाम Sumit Agrawal एवं सही एवं वास्तविक नाम Sumeet Kumar Agrawal एक ही व्यक्ति है। 05. यह कि विद्यालय के सभी शैक्षणिक रिकार्ड में सही एवं वास्तविक नाम Sumeet Kumar Agrawal दर्ज किया जाए।

शपथकर्ता
Sumeet Kumar Agrawal



## खबर संक्षेप



### अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का स्थापना दिवस कोरबा इकाई द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परिषद के अध्यक्ष राजकुमार अज्ञेय व संरक्षक मंगलचंद देवांगन द्वारा परिषद की स्थापना के उद्देश्यों के संबंध में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन परिषद के जिला मंत्री अनीष कुमार सक्सेना द्वारा किया गया। बैठक में परिषद के पदाधिकारीगण अधिवक्ता डी. के. अग्रवाल, अरुण सिंह, राम मनोहर सोनी, पोहर प्रसाद पांडे, दौलत राम सारथी, राम बल्लभ पांडे, श्रीराम श्रीवास, श्रेष गुप्ता, श्रीमती बसंती सोंधिया, श्रीमती प्रीतु कंवर, श्रीमती ज्योति वर्मा, कु. उत्तर राठौर, कु. प्रेमलता राठौर, दिनेश सिंह, तुलसी विश्वकर्मा, बुधराम पटेल, रवि भगत, बालक राम बरेठ, किरण भान शांडिल्य, पदमा चौहान, पदमा महंत, नवनीत राहुल शुक्ला, संध्या सिंह, कु. गायत्री मेहन, ओ. श्रीनिवास, चुन्नीलाल राजवाड़े, लव सिंह राजपूत, सुनील यादव, श्रीमती शीला बांधेकर व अन्य सम्मानित अधिवक्तागण उपस्थिति थे।

### गुरु खुशवन्त साहेब के कोरबा आगमन पर सतनामी समाज ने किया स्वागत



**कोरबा।** नया रायपुर के सतनामी समाज के धर्मगुरु एवं केबिनेट मंत्री एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख गुरु खुशवन्त साहेब का कोरबा आगमन होने पर गुरु गद्दीधाम पताढीएवं 100गवां समिति के राजमहंत जेपी कोशले, राजमहंत रामचन्द्र पाटले, समिति अध्यक्ष लछनलाल लहरे, आनंद सोनवानी, गणेश बघेल एवं जिला पंचायत सभापति कमलेश अनंत की उपस्थिति में स्वागत किया गया। इस अवसर पर गुरु गद्दीधाम पताढी.के विकास हेतु महत्वपूर्ण मांगें प्रस्तुत कीं। इनमें भूमि हेतु 8 लाख रुपये की राशि एवं भवन निर्माण के लिए शासन से 50 लाख रुपये के अनुदान की मांग प्रमुख रही। समिति ने इस संबंध में औपचारिक आवेदन पत्र भी गुरु साहेब को सौंपा। इसके साथ ही आगामी तीन दिवसीय मेला आयोजित करने एवं उसमें गुरु खुशवन्त साहेब को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने पर भी चर्चा हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से पताढी.गुरु गद्दी धाम का विकास और भी तेजी से होगा।

### जेसीआई सेंट्रल ने अशोक वाटिका में कराया रस्साकशी व योग चैलेंज



**कोरबा।** जेसी सप्ताह के तृतीय दिवस पर जेसीआई सेंट्रल द्वारा सोमवार की सुबह अशोक वाटिका में टग ऑफ वार एवं योगा चैलेंज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रस्साकशी खेल और सूर्य नमस्कार, वृक्षासन सहित विभिन्न योग आसनों की प्रतियोगिता कराई गई। अशोक वाटिका में मौजूद मॉर्निंग वॉक ग्रुप सहित करीब 50 लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों को जोड़ने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सहायक होते हैं। रस्साकशी प्रतियोगिता में चैम्बर अध्यक्ष योगेश जैन और उनकी टीम विजेता रही। योग चुनौती में मुकेश गोयल, दीपक केवट, श्यामलाल साहू, नवीन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल और जेसी हर्ष गुप्ता विजेता बने। सभी विजेताओं को जेसीआई की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष राज अग्रवाल, आनंद रैकवार, आनंद अग्रवाल, अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, कार्यक्रम निदेशक डॉ. ज्योतिबाला, सचिव अंकित अग्रवाल, उपाध्यक्ष आयुष अग्रवाल, कपिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ बजाज, जेसीरेट अध्यक्षा आयुषी अग्रवाल, मोरध्वज गर्ग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा जागरूकता शिविर का किया जा रहा आयोजन

**करतला।** करतला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा सद्भावना भवन में 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलने वाले 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी करतला और करतला विकासखंड के सभी नेत्र सहायक अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में नेत्र दान के लिए जागरुक किया गया। इस शिविर में लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न श्लोगन बताए गए जिसमें से मुख्य रूप से जीते जीते रक्तदान और जाते जाते नेत्रदान, रक्तदान जीवनदान नेत्रदान महादान जौसे श्लोगन के साथ शिविर में उपस्थित सभी कर्मचारी अधिकारीगण के द्वारा नेत्रदान से संबंधित जानकारी दिया गया और क्षेत्र में लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने कार्ययोजना बनाई गयी।

## नवदुर्गा समितियों के द्वारा तैयार किए जा रहे हैं आकर्षक दुर्गा पंडाल

# कहीं माता कौशिल्या का मंदिर नजर आएगा तो कहीं त्रिदेव का रुप लेंगे दुर्गा पंडाल



आरपी नगर फेस-1 में बन रहा पंडाल।



माता कौशल्या मंदिर की तरह निर्मित होगा पंडाल।



पुराना बस स्टैंड में त्रिदेव के स्वरुप में बन रहा पंडाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवदुर्गा समितियों के द्वारा क्वार नवरात्री की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। आकर्षक तरीके से पंडालों को सजाया जा रहा है। कहीं माता कौशिल्या के मंदिर का रुप दिया जा रहा है पंडाल को, तो कहीं ब्रम्ह विष्णु महेश की प्रतिकात्मक प्रतिमाओं के साथ त्रिदेव का स्वरुप दिया जाएगा पंडाल को।

प्रतिवर्ष क्वार नवरात्री को लेकर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के दुर्गोत्सव समिति के द्वारा अपने अपने क्षेत्र के पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। कहीं कहीं पंडालों को देश के प्रसिद्ध मंदिरों को स्वरुप दिया जाता है। जो शहरवासियों के लिए आकर्षक का केंद्र रहता है। शहर के राजेंद्र प्रसाद नगर फेस 1 में बीते 28 वर्ष से क्वार नवरात्री का पर्व मनाया जाता है। 9 दिन तक आदिशक्ति के आराधना के साथ दशहरा के दिन रावण के पुतले का दहन होता है। इस वर्ष आरपी नगर फेस 1 में बनाया जा रहा दुर्गा पंडाल माता कौशिल्या के मंदिर के स्वरुप रहेगा। प्रदेश में भगवान राम की माता कौशिल्या की जन्मस्थलीय में बन रहे कौशिल्या मंदिर भले ही अभी पूरा नहीं हुआ है किंतु दुर्गा समिति के द्वारा माता कौशिल्या के मंदिर के रुप में दुर्गा पंडाल को सजाया जा रहा है। समिति के सदस्य विवेक पांडेय ने बताया कि माता कौशिल्या का मंदिर का रुप पंडाल को दिया जा रहा है। इसके साथ ही मां दुर्गा के 9 रुपों की प्रतिमाएं साथ में स्थापित की जाएंगी। ऐसा पहली बार किया जा रहा है। इसके अलावा शहर की पुरानी दुर्गोत्सव समिति पुराना बस स्टैंड में दुर्गा पंडाल को त्रिदेव पंडाल के रुप में पहचान दी जाएगी। समिति के सदस्य प्रवीण पांडेय के अनुसार पंडाल के मुख्यद्वार में ब्रम्ह विष्णु महेश की प्रतिकात्मक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पंडाल को त्रिदेव के नाम से जाना जाएगा। कलकत्ता के कारीगरों के द्वारा पंडाल बनाने की तैयार की जा रही है।

### रजत जयंती समारोह की भी दिखेगी झलक

इस वर्ष 9 दुर्गा पंडालों में छग राज्य गठन के उपलक्ष्य में मनाई जाने वाली रजत जयंती समारोह की झलक भी दिखेगी। राजेंद्र प्रसाद नगर फेस 1 में इस वर्ष सभी आयोजन छत्तीसगढ़ी संस्कृति में रचे बसे रहेंगे। स्थानीय संस्कृति के महत्व को देखते हुए मैदान में लगने वाले पंडाल भी छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से लगे रहेंगे। समितियों के द्वारा इसकी भी तैयारी कर ली गई है। प्रशासन ने सभी दुर्गा पंडालों में राज्य गठन के 25 वर्ष के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले रजत जयंती के अवसर पर झांकियां भी बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### हाथी पर सवार होकर आएंगी और पालकी की सवारी पर जाएंगी



क्वांर नवरात्री में इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। जिसका समापन 2 अक्टूबर दशहरे का दिन होगा और इस बार मां पालकी (नर वाहन) पर सवार होकर जाएंगी। 10 दिन तक चलने वाली क्वांर नवरात्री में इस बार कुछ पंचांगों में तृतीया तिथि दो बार पड़ रही है। आचार्य पं दशरथ नंदन द्विवेदी ने क्वांर नवरात्री के प्रभाव को लेकर बताया कि इसके दो फल रहेंगे। पहले फल में अच्छी बारिश के साथ बाढ़ और प्राकृतिक आपदा का प्रकोप बना रहेगा। साथ ही राजनीतिक उथल पुथल का योग दिख रहा है। वहीं नवरात्री के अंतिम समय बारिश का योग नजर आया है। दोनों ही फल के अनुसार नवरात्री का मिश्रित प्रभाव राजनीतिक सामाजिक और पर्यावरण में नजर आएगा। साथ ही नवरात्री का व्रत करने वालों को इस वर्ष तृतीय तिथि को दो बार व्रत रखना पड़ेगा।

## बीएमएस ने दिया धरना, कोयला मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (भारतीय मजदूर संघ) के आह्वान पर 24 जुलाई से 12 सितंबर तक अपने सभी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन संपन्न किया गया। अंतिम चरण में 12 सितंबर को भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ कुसमुंडा द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय एसईसीएल क्षेत्र के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन कर केंद्रीय कोयला मंत्री एवं केंद्रीय कोल सचिव के नाम महाप्रबंधक क्षेत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कोल उद्योग में दिन प्रतिदिन नियमित कर्मचारियों की संख्या घटती जारी है, नए कर्मचारियों की भर्ती यथाशीघ्र किया जाए, कोयला उत्पादन में नियमित कर्मचारियों की भागीदारी न्यूनतम 50 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए, कोल इंडिया की सभी अनुसांगी कंपनी में कार्यरत सभी ठेका और आउटसोर्सिंग मजदूरों को एचपीसी वेतन का भुगतान, सामाजिक सुरक्षा, आवासीय व्यवस्था एवं सालाना बोनस क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, कोयला उद्योगों में सुरक्षा नियमों के धड़ल्ले से हो रहे उल्लंघन पर रोक लगाया जाए एवं सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत पालन करते हुए उत्पादन लक्ष्य को पूरा किया जाए, सीएमपीएफ संगठन को सुनिश्चित करते हुए सेवानिवृत्ति कर्मचारीयो की संपूर्ण समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए। ईपीएफ के तर्ज पर 15 हजार पर वित्त मंत्रालय द्वारा 1.16 का अंशदान पेंशन स्कीम में जमा किया जाए तथा सभी सेवानिवृत कर्मियों को न्यूनतम पेंशन एक हजार प्रति माह सुनिश्चित किया जाए, कोल इंडिया और उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाए, सीपीआरएमएस स्कीम को कैशलेस सुनिश्चित किया जाए, सभी सेवानिवृत कर्मियों को स्मार्ट कार्ड यथाशीघ्र प्रदान किया जाए एवं कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों मैं एक जैसा सदस्यता सत्यापन/ चेक ऑफ सिस्टम आई.आर. प्रणाली सुनिश्चित किया जाए, रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट धारक माइनिंग संवर्ग के गैर अधिकारी से अधिकारी वर्ग में पदोन्नति हेतु अपनाये जा रहे पॉलिसी में आवश्यक सुधार किया जाए एवं कैडर स्कीम में भी सुधार किया जाए तथा कर्मियों को समय अनुसार पदोन्नति नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए,कोल इंडिया को मिले खदानों में एमडीओ सौ प्रतिशत आउटसोर्सिंग प्रॉफिट शेयरिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, कोल इंडिया में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए सभी अनुषंगिक कंपनियों में कार्यरत महिला संवर्ग के लिए कार्य स्थल पर अलग प्रसाधन, पीने का पानी जैसे सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाए सहत भूमि अधिग्रहण पॉलिसी में आवश्यक सुधार कर पूरे कोल इंडिया में एक समान सरल पॉलिसी अपनी की मांग की गई है।

# ग्राम सभा के प्रस्ताव को मानने के मुद्दे पर अधिकारी और ग्रामीणों के बीच बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



बैठक में उपस्थित ग्रामीण व अधिकारी।

हरदीबाजार तहसील कार्यालय में शुक्रवार को एसडीएम पाली, एसईसीएल दीपका प्रबंधन एवं हरदीबाजार ग्रामवासियो के बीच भूअर्जन से संबंधित त्रिपक्षी बैठक आहुत की गई थी। जिसमें पाली एसडीएम सीमा पाटले के द्वारा ग्रामीणों के बीच चर्चा हुई जिसमें ग्रामीणों की 7 सूत्रीय मांगों में पहला 2004 एवं 2010 के बाद हुई एसईसीएल दीपका प्रोजेक्ट में अधिग्रहित जमीन के रजिस्ट्री के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा कर जानकारी प्रदान कर एवं खरीदी बिक्री व रजिस्ट्री का जांच करते हुए प्रभावितों को मकान का 100 प्रतिशत सोलिसियम के साथ मुआवजा, पुनर्वास दिलाने विस्तारपूर्वक सकारात्मक चर्चा की गई।

### खास बात

- नापी के सर्वे के समय ग्रामीणों को रिपोर्ट की दी जाएगी एक प्रति

ग्रामीणों की मांग है कि 2004 से लेकर 2010 तक की जो खरीदी बिक्री हुई है उसे 100 प्रतिशत सॉल्यूशन दिया जाए और जिस दिन सर्वे नापी किया जाएगा उस दिन तक बने मकानों की नापी कर मुआवजा दिया जाए। जिस पर एसडीएम ने 26 अगस्त 2024 को लास्ट ड्रोन सर्वे को अंतिम बताया। जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई और कहे कि एसईसीएल ने ना तो मुनादी कराई न पंचायत व ग्रामवासियों को कोई सूचना दी। जिस दिन नापी शुरू हो उसी दिन से मकान निर्माण बंद करने ग्राम पंचायत में मुनादी किया जाए कि नया मकान नहीं बनाना है इसमें सभी ग्रामीणों ने अपनी सहमति जताई। कोरबा जिला अनुसुचित क्षेत्र अंतर्गत आता है जहां पेशा एक्ट लागू है जिसमें ग्राम सभा के प्रस्ताव को माना जाए। जिस पर एसडीएम ने सहमति जताई। साथ ही नापी सर्वे के समय एक प्रति तुरंत ग्रामीणों को दी जाएगी। मुआवजा में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होगी क्योंकि मालगांव से अब पूरी प्रक्रिया सीबीआई सहित बड़े एजेंसी के नजर पर है। पूरी ईमानदारी व स्पष्टता के साथ नापी सर्वे कर मुआवजा राशि दिया जाएगा। बसाहट पर सहमति नहीं बनी पुनः ग्रामीण, तहसीलदार व एसईसीएल के अधिकारी जाकर मौका मुआयना करेंगे,जब तक सर्वसुविधायुक्त बसाहट एसईसीएल बनाकर नहीं देता है मकान नहीं छोड़ेंगे, ब्लास्टिंग का मुद्दा भी लोगों ने उठाया तीन-चार से परेशान हैं अधिकारी आते हैं मुआयना कर चले जाता है और कहते हैं मकान मानक अनुरूप नही बना है आज तक कोई अधिकारी सुनते नहीं न क्षतिपूर्ति दिए,जिसपर एसडीएम ने एसईसीएल के अधिकारियों को फटकारते हुए मानवीय दायित्वों का भी निर्वाहन करने को कहा। बैठक तहसील भवन के अंदर में होने से बैठक की व्यवस्था सही नहीं हो सकी जिससे नाराज होकर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर,अजय दुबे सहित अन्य बैठक का बहिष्कार कर चले गऐ वहीं सभी ग्रामवासी खड़े रहे। बैठक में तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैंकरा, नायाब तहसीलदार संदीप गुप्ता, एसईसीएल प्रबंधन की ओर से पार्थ मुखर्जी जीएम माइनिंग, मिथेश मधुप नोडल अधिकारी भू-राजस्व, रौशन मेश्राम, अजय राठौर सहित सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, नरेश टंडन,उप सरपंच रेखा जायसवाल, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, श्यामू जायसवाल, डॉ विजय राठौर, सुरेंद्र राठौर, रामशरण कंवर, टंकण जायसवाल, बाबूराम राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एकल शिक्षकीय विद्यालय भैंसामुड़ा में नियुक्त हुई शिक्षिका, अध्यापन व्यवस्था हुई बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




करतला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा में संचालित प्राथमिक शाला आश्रम और प्राथमिक शाला भदरापारा में गाँव के बच्चे पढ़ाई करते हैं। इन विद्यालयों में एकमात्र शिक्षक होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई की राह बहुत कठिन हो गई थी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से स्कूल में अब अन्य शिक्षको की पदस्थापना हो गई है। एकल शिक्षकीय विद्यालय को शिक्षक मिल जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई की राह आसान होने के साथ ही उनका भविष्य भी उज्ज्वल नजर आने लगा है।

शासन द्वारा अपनाई गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जिले के अतिशेष शिक्षको को रिक्त और आवश्यकता वाले विद्यालयों में पदस्थ किया गया है। इस प्रक्रिया से करतला ब्लॉक के अंतर्गत भैंसामुड़ा के प्राथमिक शाला आश्रम स्कूल में शिक्षिका श्रीमती सुमित कँवर की नियुक्ति हुई है। विद्यालय एकल शिक्षकीय था और यहाँ एकमात्र शिक्षक सियाराम कश्यप विद्यार्थियों को अध्यापन कराते हैं। अब यहाँ शिक्षिका पदस्थ हो जाने के बाद उन्हें भी राहत मिली है। विद्यालय में पढाई करने वाली गौरी, देवंती, पूर्वी का कहना है कि मैडम नई आई हैं। वह हम लोग को पढ़ाती हैं। शिक्षिका सुमित कँवर ने बताया कि विद्यालय में 29 बच्चे हैं। यहाँ पदस्थ होने के बाद नियमित क्लास आती हैं और पढ़ाती हैं। इसी गाँव के भदरापारा में भी एक अन्य प्राथमिक शाला संचालित है। यहाँ 14 बच्चे पढ़ाई करते हैं। विद्यालय की प्रधान पाठिका श्रीमती रंभा मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2021-22 से यह विद्यालय एकल शिक्षकीय था। हमारे विद्यालय में सुभद्रा पाल युक्ति युक्तकरण से शिक्षिका के रूप में पदस्थ हुई है। विद्यालय के विद्यार्थी जानसी, विनय, आर्यन, वीरा ने बताया कि नई मैडम सुभद्रा पाल आई हैं, वह कक्षा लेती हैं। ग्राम भैंसामुड़ा के एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षिकाओं के पदस्थ होने के बाद ग्रामीण भी खुश है, क्योंकि उन्हें भी लगने लगा है कि अब उनके बच्चों के भविष्य की नींव का निर्माण सुरक्षित हाथों में हैं। उन्होंने युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया की सराहना की।

### उमरेली में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा का हुआ आयोजन

**उमरेली।** करतला ब्लॉक के सभी ग्रामों स्कूलों कॉलेज में नेत्रदान पखाड़ा मनाया जा रहा है करतला ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरवानी और फरस्वानी आसपास के गांव और स्कूलों महाविद्यालय में नेत्रदान मनाया गया जो की 8 सितंबर को मनोज कुमार महंत नेत्र सहायक अधिकारी और अनु लता शर्मा आरएचओ अरुण कुमार गुप्ता महाविद्यालय उमरेली प्राचार्य और वहां के स्टाफ लोगों को नेत्रदान की जानकारी और छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति के दो नेत्रों से दृष्टिहीन दो व्यक्ति को दोबारा दृष्टि दिया जा सकता है, किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के तुरंत बाद रिश्तेदार द्वारा नेत्रदान का निर्णय कर समय में सूचना देने पर नेत्र चिकित्सा द्वारा मृत्यु शरीर से दान किए गए नेत्र को निकाल कर सुरक्षित रख लिया जाता है, मृत्यु के पश्चात 6 घंटे के अंदर नेत्र संग्रह होना अनिवार्य है।






# विकासखंड अधिकारी के निरीक्षण में हेड मास्टर नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नए विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर दयाल ने निरीक्षण अभियान चलाया। सुबह 10:10 बजे प्राथमिक शाला खरपड़ी (संकुल रोदे) पहुंचे बीईओ ने पाया कि हेड मास्टर अनुपस्थित थे। इस लापरवाही पर तुरंत उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण सिर्फ एक विद्यालय तक सीमित नहीं रहा। बीईओ श्री दयाल ने प्राथमिक शाला फुलसर, माध्यमिक शाला शरमा, प्राथमिक शाला तनेरा, प्राथमिक शाला बिलासपुर पारा, माध्यमिक शाला तनेरा, प्राथमिक शाला कररा बहरा, प्राथमिक शाला सुखारीताल, माध्यमिक शाला हरदेवा सहित कई शालाओं में पहुंचकर व्यवस्था की हकीकत देखी। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि नाश्ता एवं मध्यान्ह भोजन बच्चों को समय पर दिया जाए और कहीं भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, जो शिक्षक मुख्यालय में न रहकर रोज आना-जाना करते हैं, उन्हें तत्काल मुख्यालय में अनिवार्य रूप से निवास करने के आदेश दिए गए। बीईओ आर. दयाल की इस सख्त कार्यवाही से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। अधिकारी का कहना है कि अब नियमित रूप से ऐसे औचक निरीक्षण होंगे ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधाएँ सुनिश्चित की जा सकें।





